हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 उपेक्षा का दंश झेल रहा रिंग बांध तालाब



**खबर संक्षेप**

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा की गई है। छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। सरगुजा लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख, "मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी"में उल्लेखित प्रावधान अनुसार मतदान दिवस 7 मई 2024 को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सरगुजा जिले में तृतीय चरण में मतदान किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने सर्व विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख को पत्र जारी कर कहा है कि मतदान दिवस 7 मई को मतदान करने के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने जारी निर्देशों का पालन करने हेतु अपने अधीनस्थों को अपने स्तर से निर्देशित किए जाने कहा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की मौत, एक गंभीर

**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्रामा कोटिया निवासी 20 वर्षीय आदित्य कुमार सिंह आ. पारसनाथ बुधवार की रात 8 बजे गांव के प्रकाश यादव के साथ अपने जीजा के घर ससकालो बाइक से गया हुआ था। देर रात दोनों युवक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान भाटापारा के पास अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आदित्य की मौत हो गई जबकि प्रकाश यादव का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है व शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### सड़क पार कर रहे युवक की बाइक की टक्कर से मौत

**अंबिकापुर।** सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग जांच उपरान्त बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सिलसिला बस्तीपारा निवासी सियाराम एक्का का पुत्र बाबूलाल एक्का 26 मार्च की रात आठ बजे घर के सामने मौजूद बंठू कुजूर के घर से मिर्च लेकर वापस लौट रहा था इस दौरान रघुनाथपुर से बतौली की ओर जा रहे पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 6337 के चालक ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना के बाद बाबूलाल समेत बाइक चालक व सवार सड़क पर गिर गए। घायलों को उपचार के लिए ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुर में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच उपरान्त बाबूलाल एक्का को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल चालक व बाइक सवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। पिता की शिकायत पर मर्ग जांच कर पुलिस द्वारा बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



**रमज़ान मुबारक**
**अठाहवां रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.15 बजे
कल की सेहरी - 4.27 बजे

## 4. 22 एकड़ भूमि के फर्जी नामांतरण व बिक्री का मामला

# अंतिम सुनवाई में भी नहीं पहुंचा बंसू लोहार कलेक्टर ने शासकीय मद में दर्ज की भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सवा चार एकड़ भूमि का फर्जी तरीके से नामांतरण कराने के मामले में आज कलेक्टर कोर्ट में तीसरी बार सुनवाई हुई। अंतिम सुनवाई के दौरान भी अनावेदक बंसू लोहार कोर्ट में मौजूद नहीं हुआ इसके साथ ही अन्य अनावेदकों की ओर से उनके वकीलों ने पक्ष रखा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कलेक्टर सरगुजा ने 1.710 हेक्टेयर भूमि को शासकीय नजूल मद में दर्ज करते हुए शासकीय कार्यों के लिए आरक्षित करने का आदेश जारी कर दिया है इसके साथ ही सभी अंतरण को शून्य घोषित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद भूमाफियाओं को एक बड़ा झटका लगा है। बता दें कि शहर के नमनाकला स्थित शासकीय नजूल भूखंड क्रमांक 243/1 में रकबा 1.710 हेक्टेयर (4.22) भूमि सरगुजा सेटलमेंट में गोचर मद में दर्ज थी। इस भूमि को बंसू आ. भटकुल लोहार द्वारा अनियमित पट्टा एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत नजूल अधिकारी अंबिकापुर से 2 अक्टूबर 2022 को अपने नाम पर करा लिया गया था और उक्त शासकीय नजूल भूमि को सतीश शर्मा, संमोगर वारियर, अभिषेक नागदेव, शेखर अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, अनुषा नागदेव, महेश कुमार केडिया, दिनेश कुमार के नाम बिक्री कर दिया गया। भू माफियाओं द्वारा अधिकारियों के साथ मिलकर करोड़ो रुपए की जमीन के फर्जीवाड़ा मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई थी। शिकायत के बाद कलेक्टर भोस्कर विलास के निर्देश पर एसडीएम व तहसीलदार द्वारा मामले की जांच की गई और जांच में गड़बड़ी सामने आने पर कलेक्टर को प्रतिवेदन पेश किया गया था जिसके बाद कलेक्टर ने प्रकरण को कलेक्टर कोर्ट में रखने के साथ ही बंसू लोहार व अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था। इस प्रकरण की कलेक्टर कोर्ट में दो बार सुनवाई हुई लेकिन बंसू लोहार के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने और अन्य अनावेदकों की ओर से भी सिर्फ वकीलों के आने पर कलेक्टर द्वारा 28 मार्च को अंतिम सुनवाई का मौका दिया गया था।

**खास बात**
- कलेक्टर कोर्ट में हुई सुनवाई



### कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ बंसू लोहार

4.एकड़ भूमि के प्रकरण मामले में आज अंतिम बार कलेक्टर कोर्ट में सुनवाई हुई और इस बार कोर्ट की ओर से बंसू लोहार को हाजिर करने का निर्देश दिया गया था लेकिन आज अंतिम दिन भी बंसू लोहार कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। वहीं अन्य अनावेदकों की ओर से भी सिर्फ उनके वकील उपस्थित हुए और अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कलेक्टर कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। विदित हो कि नमनाकला निवासी बंसू लोहार की मृत्यु 15 वर्ष पूर्व हो चुकी है उन्हें वर्ष 1967-68 में नमनाकला में सिंहदेव योजना के तहत पट्टा दिया गया था लेकिन वर्ष 1971-72 में नमनाकला की समस्त शासकीय भूमि को नजूल घोषित किया गया था और इसमें बंसू की जमीन भी नजूल अभिलेखों में दर्ज हो गई थी। भूमाफियाओं द्वारा नमनाकला निवासी बंसू लोहार के स्थान पर परसा निवासी बंसू लोहार को खड़ा कर फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेजों के आधार पर नजूल रिकार्ड में त्रुटि सुधार एवं नामांतरण दर्ज करने का आवेदन लगाया और बड़े पैमाने पर मिलीभगत कर बंसू लोहार के नाम पर भूमि को दर्ज कराने के बाद इसकी बिक्री कर दी थी।

### सभी अंतरण शून्य घोषित

आज कोर्ट में सुनवाई के बाद कलेक्टर ने अपना फैसला सुनाया है। जारी आदेश के अनुसार जांच में पाया गया कि अनावेदक बंसु द्वारा आवेदित भूमि का पट्टा विधि के सम्यक अनुक्रम के विपरीत अभिलेखों से परे कुट-रचित तैयार कर इसका पट्टा प्राप्त किया। आवेदित भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने का आवेदन नजूल अधिकारी अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया जहां नजूल अधिकारी अंबिकापुर पट्टे की वैधता की जांच किये बगैर विधि विपरीत आदेश 7 अक्टूबर 2022 के द्वारा उक्त आवेदित शासकीय नजूल मद की भूमि को बंसु आ. भटकुल के नाम से दर्ज कर दिया गया। जिसके आधार पर नजूल अधिकारी के राजस्व प्रकरण पक्षकार बंसु प्रति शासन में पारित आदेश 7 अक्टूबर 2022 संहिता एवं प्रावधानों के विपरीत होने के कारण इसे दिनांक 28 मार्च 2024 को निरस्त करते हुए आवेदित भूमि मो. नमनाकला तहसील अम्बिकापुर स्थित वाद भूमि खसरा क्रमांक 243/1 में से रकबा 1.710 हेक्टेयर भूमि को पूर्ववत शासकीय नजूल मद में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया। उक्त शासकीय नजूल वाद भूमि को स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर पालिक निगम हेतु सुरक्षित रखे जाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही बंसु आत्मज भटकुल द्वारा सेटलमेंट में दर्ज गोचर मद की आवेदित भूमि का पट्टा विधि अनुकूल नहीं होने से अनावेदक बंसु द्वारा उक्त भूमि में से उपरोक्त अनावेदकों को जो भूमि पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर विधि विपरीत विक्रय किया गया है उसके समस्त अंतरण को अकृत एवं शून्य घोषित कर दिया गया है।

### अनुपस्थित अधिकारियों को किया निलंबित

इधर इसी मामले से जुड़े तीन अधिकारियों को आज कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। शासकीय कर्तव्य से बिना सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने पर राजस्व निरीक्षक(नजूल) नारायण सिंह, अम्बिकापुर तहसील कार्यालय के राजस्व निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय धौरपुर के सहायक ग्रेड-2 अजय तिवारी को कलेक्टर द्वारा निलंबित किया गया है। वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लोक सेवकों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में उक्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उपेक्षा पर यह कार्रवाई की गई। बड़ी बात यह है कि जमीन फर्जीवाड़ा मामले में कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो, आरआई नारायण सिंह, आरआई राहुल सिंह, रीडर अजय तिवारी के विरुद्ध धारा 467, 468, 420, 120 बी के तहत अपराध दर्ज है और कोर्ट से आरोपियों अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज की जा चुकी है।

## जबरजस्ती करना पड़ा महंगा, प्रेमिका ने फांसी लगाकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

प्रेमिका के सामने उसकी नाबालिग सहेली से जबरन दुष्कर्म का प्रयास एक युवक को महंगा पड़ गया। प्रेमिका से जबरजस्ती कर रहे युवक ने जब नाबालिग युवती से जबरजस्ती करने की कोशिश की तो दोनों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। युवक जब मना करने के बाद भी नहीं माना तो दोनों ने मिलकर युवक को फांसी पर लटका दिया और जब उसकी सांसें थम गई तो शव को कमरे के बाहर फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो युवतियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बता दें कि 26 मार्च को थाना अंतर्गत पुटसूरा हाल मुकाम मरियमपारा वार्ड क्रमांक 2 निवासी युवक 19 वर्षीय वीरेंद्र यादव का शव वार्ड क्रमांक 33 में अरिश्मा नामक युवती के कमरे के बाउंड्री के बाहर मिला था। गांव के युवक ने वीरेंद्र का शव मिलने की जानकारी उसकी बहन को दी थी जिसके बाद मृतक की बहन घटना स्थल पर पहुंची थी। घटना स्थल पर वीरेंद्र यादव मृत पड़ा हुआ था जबकि उसके मोबाइल फोन को अरिश्मा पकड़कर खड़ी थी। जब उसने अपने भाई के बारे में पूछताछ की तो युवती ने बताया कि मृतक वीरेंद्र यादव से उसका प्रेम संबंध था और युवती के साथ ही उसकी सहेली से जबरन दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था ऐसे में उन्होंने फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की बहन द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने मामले की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए थे। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही नाबालिग समेत दोनों युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एएसपी निमेश कुमार बरैया एवं एसडीओपी जितेन्द्र खुंटे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा जब संदेही युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो चौकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपी युवती अरिश्मा ने पुलिस को बताया कि वह बलरामपुर में रहकर अपनी स्वाध्यायी के रूप में पढ़ाई करती है और उसका मृतक के साथ लम्बे समय से प्रेम संबंध चल रहा था। इस दौरान मृतक ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया था। 26 मार्च को भी मृतक उसके कमरे में पहुंच गया और वह अरिश्मा के साथ ही उसकी नाबालिग सहेली के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस बात से अरिश्मा नाराज हो गई क्यों कि मृतक वीरेंद्र पहले से ही उसके साथ अवैध संबंध बना रहा था और अब उसके नाबालिग सहेली से भी दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था।

- नाबालिग सहेली से भी कर रहा था दुष्कर्म का प्रयास, गुस्से में लगा दी फांसी



### फंदा बनाकर लगाई फांसी

आरोपी युवती ने पुलिस को बताया कि दोनों के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास कर रहे युवक को समझाने के बाद भी जब वह नहीं माना तो गुस्से में आकर दोनों सहेलियों ने मिलकर घर में पड़े नायलोन की रस्सी का फंदा बनाया और फिर कमरे में शीट में लगे लोहे के पाइप से रस्सी को फंसाकर खींच दिया। फांसी लगने के कारण युवक की दम घुटने से मौत हो गई। युवक की मौत होने के बाद दोनों ने मिलकर शव को कमरे के बाहर रख दिया और घर के अंदर चली गई। पुलिस ने धारा 302, 34 के तहत नाबालिग समेत दोनों आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उनके पास से घटना में प्रयुक्त नायलॉन की रस्सी को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, एसआई कुनेश्वर प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक शीपक रंजन शर्मा, प्रीति साहू, आरक्षक महेन्द्र गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी, शैलेश सिंह, अशोक तिकी, गजेन्द्र भगत, कृष्णा हालदार, महिला आरक्षक माधुरी कुजूर, रमकल मार्को, सावित्री सोन्हा, सरोज बेक, सायबर सेल आरक्षक राजकमल सैनी, मंगल सिंह, शान्त भगत सक्रिय रहे।

## बुढ़ापे का सहारा बनाने युवक को लिया गोद, कर दी मां की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बुढ़ापे का सहारा समझकर जिसे बेटे को महिला ने गोद लिया था उसने ही मां की हत्या कर दी। पत्नी के साथ चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद में बीच बचाव करने आए बुजुर्ग माता पिता पर भी युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- चरित्र शंका को लेकर पत्नी से शुरू हुआ था विवाद, बीच बचाव करने आए दम्पति पर किया जानलेवा हमला

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा आरा निवासी मोतो बाई व कमल भगत की कोई संतान नहीं थी। ऐसे में राम प्रसाद भगत आ. रोगो को गोद लिया था और अपने बुढ़ापे का सहारा समझकर पाल रहे थे। युवक अपनी पत्नी सबीना टोप्पो, मोतो बाई, कमल भगत के साथ रहता था लेकिन युवक को अपनी पत्नी के चरित्र पर शन्देह था ऐसे में दोनों के बीच आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। 14 मार्च की रात भी सभी लोग घर के अंदर मौजूद थे और सबीना टोप्पो घर के आंगन में थी। इस दौरान आरोपी राम प्रसाद भगत पत्नी से पुरानी बातों को लेकर विवाद करने लगा कर बांस के डंडे से पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान युवक ने पत्नी के सिर व व पीठ पर हमला किया। मारपीट होता देख मां मोतो बाई और पिता कमल भगत बीच बचाव करने पहुंचे तो युवक ने उनपर भी हमला कर दिया और दोनों की बेदम पिटाई कर दी। इस बीच दहशत में आकर सबीना भाग निकली। इधर घटना के बाद घायल बुजुर्ग दम्पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां गंभीर चोट के कारण 23 मार्च को महिला मोतो बाई की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आज पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना सीतापुर से आरक्षक रूपेश महंत, संजय एक्का, धनकेश्वर यादव, पंकज देवांगन आदि सक्रिय रहे।



### पुलिस ने चार पहिया वाहनों से उतरवाया ब्लैक फिल्म यातायात नियमों की अवहेलना पर 60 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अब चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले दिन पुलिस द्वारा 2 प्रकरणों में 4 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। इसके साथ ही कुल पांच मामलों में 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत अब पुलिस द्वारा चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यातायात विभाग द्वारा जांच के दौरान दो वाहनों के ब्लैक फिल्म उतरवाने के साथ ही उनपर चार हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी घूमने के मामले में दो प्रकरण दर्ज कर 10 हजार रुपए का समन वसूल किया गया है। जबकि लापरवाहीपूर्वक वाहन वाहन चलाने के मामले में 5 प्रकरण दर्ज कर 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया जबकि अन्य विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 64 प्रकरण दर्ज कर कुल 60 हजार 350 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।



## एटीएम बदलकर ठगी का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एटीएम कार्ड बदलकर पीओएस मशीन की मदद से सवा लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बिहार के समस्तीपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है। आरोपियों के खिलाफ बिहार में भी कई अपराध दर्ज है। इस मामले का खुलासा करते हुए उदयपुर पुलिस ने बताया कि थाना अंतर्गत ग्राम राम नगर निवासी 35 वर्षीय रामलखन सिंह आ. स्व. जीत सिंह ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 मार्च 2022 को उसका भाई माया सिंह एटीएम कार्ड लेकर एसबीआई के एटीएम काउंटर गया हुआ था जहां पैसा नहीं निकलने पर दो अज्ञात लोगों ने मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदल लिया और छलपूर्वक उसका पासवर्ड भी देख लिया और खाते से 1 लाख 14 हजार 800 रुपए की ठगी कर ली। मामले में पुलिस द्वारा धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। दो वर्ष पूर्व हुई घटना के मामले में पुलिस ने नवादा बिहार से नवादा पटेलनगर निवासी 24 वर्षीय अभिषेक कुमार उर्फ राहुल उर्फ अमित कुमार आ. रविशंकर प्रसाद उर्फ सुरेंद्र प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथी दीपक कुमार यादव के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी दीपक यादव वर्तमान में नवादा जेल में बंद है। ऐसे में पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश पर नवादा मुफस्सिल बरतपुरा निवासी दीपक कुमार यादव आ. सरन यादव को प्रोडक्शन वारंट पर बिहार के नवादा से सरगुजा लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पीओएस मशीन को रास्ते में फेंक देने और ठगी की रकम अपने जमानत में ख़र्च करने की बात कबूल की। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक घनश्याम यादव, शत्रुघन सिंह, आरक्षक रविन्द्र साहू, आरक्षक गंगाप्रसाद, सैनिक चंदन सिंह सक्रिय रहे।

- बिहार के जेल से लाया गया प्रोडक्शन वारंट पर

### सफाई करने पहुंचे कर्मचारी तो मिली जानकारी

## जिला पंचायत के सभाकक्ष में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत सभाकक्ष में आग लगने की घटना सामने आई है। बीती रात लगी आग से सभाकक्ष में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कुर्सी टेबल को नुकसान पहुंचा है। कमरे में लगी एसी में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

हैरानी की बात तो यह है कि कक्ष में रात को आग लगी लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लग पाई। आज सुबह जब कर्मचारी ने सफाई करने के लिए कमरा खोला तो उसके होश उड़ गए। बता दें कि जिला पंचायत परिसर में सभाकक्ष मौजूद है। इस सभाकक्ष में जिला पंचायत की बैठकों के साथ ही जिला प्रशासन की विभिन्न बैठक, प्रशिक्षण आयोजित होते है। बीती रात कार्यालय बंद होने के बाद अधिकारी कर्मचारी घर चले गए थे। आज सुबह जब कार्यालय खुलने पर कर्मचारी सफाई करने के लिए सभाकक्ष में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। सभाकक्ष में चारों तरफ आग का धुंआ भरा हुआ था और राख बिखरी हुई थी। ऐसे में उसने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। जिपं सभाकक्ष में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। अब तक की जानकारी में यह बात सामने आई है कि कमरे में लगे एसी में शार्ट सर्किट से आग लगी है और सम्भवतः आग के कारण एसी का कम्प्रेसर फट गया। आग के कारण कक्ष में लगे प्रोजेक्टर, अन्य उपकरण, सोफा, कुर्सी टेबल व दूसरे कमरे में रखे सोफा कुर्सियों को नुकसान पहुंचा है। बड़ी बात यह है कि चुनाव के दौरान इस सभाकक्ष का उपयोग प्रशिक्षण व अन्य कार्यों के लिए किया जाता है लेकिन अब आगजनी की घटना के बाद इस सभाकक्ष का उपयोग फिलहाल संभव नहीं है। इसके साथ ही गनीमत रही कि आग सिर्फ एक कमरे तक ही सिमट कर रह गई अन्यथा आग के फैलने पर अन्य कमरे भी चपेट में आ जाते और सभाकक्ष से लगे कमरों में विभागीय फाइलें मौजूद है।



सभाकक्ष का जला एसी।

28 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 3/28/2024 10:10 PM Page 1



### सालों बाद भी न हुई साफ-सफाई और न ही किया गया सौंदर्यीकरण

# उपेक्षा का दंश झेल रहा रिंग बांध तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तालाबों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपये खर्च की जाती हैं जिससे तालाब का अस्तित्व बरकरार रहे और क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके। तालाबों के सौंदर्यीकरण के बाद लोगों को भी निस्तार सहित पूजा पाठ के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध हो जाती है। नगर निगम द्वारा शहर के अधिकांश तालाबों का सौंदर्यीकरण किया है जबकि कुछ तालाबों प्रक्रिया में है। परंतु हैरानी की बात यह है कि शहर के सबसे पुराने तालाबों में एक रिंग बांध तालाब आज भी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं होने से तालाब की दायरा कम होने तथा साफ सफाई नहीं होने से अब रिंग बांध तालाब की स्थिति दिनों दिन बदहाल होती जा रही है। ऐसे में समय रहते तालाब की संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में रिंग बांध तालाब का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगी।

**खास बातें**

- शैवाल व जलकुंभी से अटा तालाब
- सौंदर्यीकरण होने से प्रतीक्षा बस स्टैंड के यात्रियों को मिलेगा लाभ



शैवाल व जलकुम्भी से अटा रिंग बाध तालाब।

शहर में लगभग 20 से अधिक तालाब है और प्रमुख तालाबों का सौंदर्यीकरण हुए कई साल हो चुके है जबकि शेष तालाबों का सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया चल रही है। नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद जनप्रतिधिनियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के तालाबों के अस्तित्व बरकरार रखने के लिए सौंदर्यीकरण करा लिया परंतु शहर में अब भी ऐसे कई तालाब है जिसकी स्थिति बदहाल है। ऐसा नहीं है कि इन तालाबों की स्थिति से ननि अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि अवगत नहीं है बावजूद इसके किसी ने गंभीरता से नहीं लिया जिससे तालाब की स्थिति दिनों दिन दयनीय होती जा रही है। इनमें से एक एक शहर के सबसे पुरानी रिंग बांध तालाब शामिल है। शहर के रिंग रोड किनारे तालाब के होने के कारण तालाब की पहचान रिंग बांध तालाब के रूप में हुई। पहले जहां तालाब में आसपास के लोग सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक रिंग बांध तालाब को उपयोग निस्तर के लिए करते थे वहीं अब तालाब की बदहाल स्थिति होने के कारण न तो निस्तारण योग्य है और न ही कहीं पर घाट बनाए गए है। ऐसे में शैवाल न जलकुंभी से अटे तालाब बदहाली के आंसू बहा रहे। साफ-सफाई नहीं होने तथा नाली के तालाब में मिलने से पानी दूषित हो गए है। तालाब में किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होने से न तो मोहल्ले के लोग निस्तारण के लिए उपयोग करते है और न अब धार्मिक अनुष्ठान जैसे कार्य किए जाते। तालाब की स्थिति ऐसी रही तो आने वाले दिनों में रिंग बांध तालाब का अन्य तालाबों की भांति अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगी।

### यात्रियों के लिए होती अच्छी सुविधा

रिंग बांध तालाब के समीप ही अंतर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड है। बस स्टैण्ड के संचालन से पूर्व तालाब में धार्मिक अनुष्ठान सहित लोग पानी को उपयोग निस्तारण के लिए करते थे। परंतु जब से रिंग बांध तालाब के सामने प्रतीक्षा बस स्टैंड की स्थापना की गई तब से तालाब की साफ-सफाई नहीं होने तथा देखरेख के अभाव में तालाब की हालत दयनीय हो गई। जबकि प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में हर रोज 5 सौ बसों का आवागमन होता है और बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते है। ऐसे में तालाब की सफाई के साथ सौंदर्यीकरण होता तो इसका लाभ यात्रियों को भी मिलता।

### अतिक्रमण का खतरा

शहर के कई तालाब अतिक्रमण का भेंट चढ़ चुका है। ऐसे में समय रहते रिंग बांध तालाब को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में रिंग बांध तालाब भी अतिक्रमण का भेंट चढ़ जाएगा। तालाब की भूमि पर अतिक्रमणकारियों का नजर पहले से ही जबकि तालाब कुछ हिस्से में मिट्टी पाट गुमटी लगाने के साथ ही निर्माण कार्य भी किया गया है ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में रिंग बांध तालाब केवल कागजों पर ही सिमट जाएगी।

### तालाब की भूमि है विवादित

रिंग बांध तालाब को सौंदर्यीकरण में शामिल नहीं किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से एक हिस्से में रेलिंग बनाई गई। तालाब के कुछ भूमि पट्टे की है जिस कारण सौंदर्यीकरण करने में समस्या आ रही है। विवादित भूमि के निराकरण होने के बाद ही सौंदर्यीकरण कराई जाएगी।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

# रेलवे साइडिंग का निर्माण दूसरे क्षेत्र से कराने ग्रामीणों ने मंत्री को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्रामीण दूसरे स्थान पर विस्तार करने कर रहे मांग

एसईसीएल के नए रेलवे साइडिंग विस्तार का बिंझिया समाज द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया है।आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन की लड़ाई को लेकर अब ग्रामीणों द्वारा रेलवे साइडिंग के विस्तार को दूसरे स्थान से कराए की मांग की जा रही है। समाज के लोगों द्वारा गुरूवार को मामले को लेकर केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जयनगर क्षेत्र सहित 20 पंचायतों के अलावा अन्य प्रभावित ग्रामों में एसईसीएल रेल लाईन बिछाने को लेकर जयनगर पंचायत के प्रतिनिधियों ने विरोध जताते हुए रेल लाईन को दुसरे क्षेत्र से ले जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जल, जंगल, जमीन को बचाने की दिशा में यह कार्यवाही किया जाना जरूरी है। रेलवे साइडिंग को दूसरे क्षेत्र से ना ले जाने की स्थिति में कई ग्रामीण इससे प्रभावित होंगे, ऐसे में कई ग्रामीणों के भूमिहीन हो जाने की भी संभावना है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से बिंझिया समाज के प्रदेश महामंत्री देवशरण सिंह, संयोजक बंधु राम, कृष्णपाल बिंझिया, विनोद बिंझिया, समाज की महिला मोर्चा से जीरो बाई, मेसेर बाई, इंद्रावती सिंह, पटेल जुंग़ो बाई, अगासो बाई, देवती बाई, राजीव बिंझिया, प्रकाश राम, ध्रुवपेत बाई उपस्थित थे।



मंत्री के साथ उपस्थित ग्रामीण।

## वेदांता बालको ने हासिल किया एएसआई का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट

*भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक बालको यह सर्टिफिकेट पाने वाली देश की पहली कंपनी है।

27 मार्च 2024। वेदांता एल्युमिनियम की इकाई भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित अपने संयंत्र में प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई के लिए एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन हासिल किया है। बालको संयंत्र में मॉल्टन एल्युमिनियम (गर्म धातु) उत्पादन हेतु स्मेल्टर के दो पॉटलाइंस तथा एल्युमिनियम को आकार देने के लिए तीन कास्टहाउस और रोल्ड प्रोडक्ट एवं पावर जेनरेशन प्लांट शामिल हैं। ये सब मिलकर बालको की सालाना 5,75,000 टन एल्युमिनियम उत्पादन क्षमता को मुमकिन बनाते हैं।



बालको में एल्युमिनियम वायर रॉड, इंगॉट, प्राइमरी फाउंड्री अलॉय और रोल्ड प्रोडक्ट के साथ ही भारत की पहली 'लो कार्बन' एल्युमिनियम रेंज रिस्टोरा का उत्पादन होता है। इन उत्पादों का इस्तेमाल ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, इंसुलेशन, विद्युत परियोजनाओं तथा बिजली का सामान और पैकेजिंग जैसे विभिन्न उद्योगों में होता है। एएसआई का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली बालको पहली भारतीय कंपनी बन गई है। इससे पहले वेदांता एल्युमिनियम झारसुगुडा, ओडिशा स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर स्थित अपने स्मेल्टर व कैप्टिव पावर प्लांट के लिए एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी2 सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।

एएसआई सर्टिफिकेशन कार्यक्रम को विभिन्न पहलुओं की गहन परामर्श प्रक्रिया के जरिए विकसित किया गया है तथा वैश्विक एल्युमिनियम मूल्य श्रृंखला के लिए यह एकमात्र व्यापक स्वैच्छिक सस्टेनेबिलिटी मानक पहल है। एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 (2022) को एक से ज्यादा वर्षों की संशोधन प्रक्रिया के पश्चात मई 2022 में लांच किया गया। पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) इन तीन स्तंभों के तहत यह 11 सिद्धांतों एवं 62 कसौटियों को परिभाषित करता है। इसका लक्ष्य है एल्युमिनियम मूल्य श्रृंखला में सस्टेनेबिलिटी संबंधी लक्ष्यों को हासिल करना जैसे जैव विविधता, मूलनिवासियों के अधिकार, सर्कुलेरिटी व ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन। भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) का स्वतंत्र थर्ड पार्टी ऑडिट सेटिज़ियोन वेरिफिका द्वारा किया गया। वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ श्री जॉन स्लेवन ने कहा कि एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन प्राप्त कर एएसआई के सदस्यता होने पर हम बालको का स्वागत करते हैं। इस सर्टिफिकेशन में हमारे 'लो कार्बन ग्रीन' एल्युमिनियम रिस्टोरा और रिस्टोरा अल्ट्रा ब्रांड का उत्पादन शामिल है। भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक के तौर पर बालको एल्युमिनियम वैल्यू चैन के प्रत्येक कदम में सस्टेनेबल प्रक्रियाओं के अमल में अग्रणी रही है और वैश्विक उद्योग में स्वयं को एक बेंचमार्क के रूप में स्थापित किया है। यह सर्टिफिकेशन दायित्वपूर्ण उत्पादन विधियों के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे हमारी टीम को एक सस्टेनेबल दुनिया के निर्माण हेतु एल्युमिनियम की असीम संभावनाओं का उपयोग करने के और नए तरीके तलाशने की प्रेरणा मिलेगी। एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव की सीईओ डॉ फियोना सोलोमन ने कहा कि हम भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) को उसकी छत्तीसगढ़ स्थित इंटिग्रेटिड एल्युमिनियम उत्पादन सुविधाओं के लिए परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 (2022) सर्टिफिकेशन हासिल करने पर बधाई देते हैं। भारत की एल्यूमिनिमय उत्पादक एवं वेदांता लिमिटेड – एल्युमिनियम बिज़नेस का हिस्सा होने के नाते बालको वैश्विक एल्युमिनियम उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सर्टिफिकेशन बालको के सस्टेनेबिलिटी सफर में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। कंपनी उन विधियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) की कसौटियों पर खरी उतर सकें।बालको वेदांता एल्युमिनियम की ईकाई है। वेदांता ने 2050 तक नैट ज़ीरो हासिल करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके लिए कंपनी ने उत्सर्जन घटाने की स्पष्ट समय सीमा तय की है, कार्बन कटौती की अत्याधुनिक तकनीक तैनात की हैं, नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग बढ़ाया है तथा स्थानीय समुदायों के बीच जाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जमीनी स्तर पर सहयोग किया जा रहा है। पारिस्थितिक जरूरतों और कारोबारी आवश्यकताओं के बीच संतुलन कायम करते हुए कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 तक ग्रीन हाउस गैसों की प्रचंडता में 28 प्रतिशत की प्रभावशाली कटौती करने में कामयाबी पाई है; साथ ही इस दौरान उत्पादन में तीन गुना इजाफा भी दर्ज किया गया है। वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्युमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक है। वित्तीय वर्ष 23 में 22.9 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्युमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया। यह मूल्य संवर्धित एल्युमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है जिनका उपयोग कई अहम उद्योगों में किया जाता है। वेदांता एल्युमिनियम को एल्युमिनियम उद्योग में एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असैसमेंट 2023 में पहली वैश्विक रैंकिंग मिली है, यह उपलब्धि कंपनी की सस्टेनेबल विकास प्रक्रियाओं को प्रतिबिम्बित करती है। भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्युमिनियम स्मेल्टर्स और एल्यूमिना रिफाइनरी के साथ कंपनी हरित भविष्य के लिए विभिन्न कार्यों में एल्युमिनियम के प्रयोग को बढ़ावा देने और इसे 'भविष्य की धातु' के रूप में पेश करने के अपने मिशन में लगातार आगे बढ़ रही है।

# होली मिलन में फाग गीतों पर झूमे नगरवासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शहर में रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज सेवी संस्था सागर मोती फाउंडेशन के प्रमुख एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने इस वर्ष भी शहर के मध्य में स्थित गांधी मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जहां बड़ी संख्या में उपस्थित नगरवासी फाग गीतों पर जमकर थिरके एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। देवी-देवताओं की पूजा करने के साथ लोगों ने दो दिनों तक भारी उत्साह के साथ होली का त्यौहार मनाया। कुछ लोगों ने सोमवार को तो कुछ ने मंगलवार को होली का आनंद उठाया। समाज सेवी संस्था सागर मोती फाउंडेशन द्वारा विगत कई वर्षों से होली मिलन समारोह आयोजन किया जा रहा है जिसमें बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिक शामिल होते हैं। इस अवसर पर रमन अग्रवाल ने कहा कि होली एक दूसरे से आत्मीयता बढ़ाने का त्यौहार है। समारोह में स्थानीय मंडली के सदस्यों ने मनमोहन फाग गीत की प्रस्तुति दी जिस पर लोग झूमते रहे। इस दौरान पूर्व जिला संचालक सुभाष जायसवाल, गायत्री परिवार के प्रमुख एसपी निगम, टीआर शर्मा, रामशंकर दुबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया होली मिलन समारोह



**बलरामपुर।** रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर नगर में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने फाग गीतों की धुन पर जमकर होली खेली। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि होली का उत्सव शांति सौहार्द एवं प्रेम का उत्सव है इसमें सभी एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई प्रेषित करते हैं। होली मिलन समारोह में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ नेता अनूप तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, जयप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, धीरज सिंह देव, अंबिका सिंह, संजय गुप्ता, बिहारी पाल, लोधिराम एक्का, अजय गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, मुकेश गुप्ता, गौतम सिंह, अजय यादव, अनूप गुप्ता, मंगलम पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

### होली मिलन समारोह में एक-दूसरे को लगाया गुलाल



**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विकासखण्ड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन दुरती के फुटबॉल ग्राउंड में किया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के स्वंयसेवक, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए तथा एक-दुसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। समारोह में स्थानीय मंडली द्वारा प्रस्तुत फागुन गीत पर उपस्थित लोग जमकर झूमें। इस दौरान भाजपा नेता लालसाय सिंह पावले, देवपाल पैकरा, सुखसागर राजवाड़े, विरेंद्र गुप्ता, रामकुमार सिंह, सतवन सिंह, धनसाय प्रजापति, इन्द्रजीत देवांगन, रूपचंद देवांगन, राजेश प्रजापति, मुन्ना राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### लक्ष्मीनारायण एवं महाकालेश्वर मंदिर में खेली गई फूलों की होली



विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मसगा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण व महाकालेश्वर मंदिर में रंग-बिरंगे फूलों की होली खेली गई। सबसे पहले भगवान लक्ष्मीनारायण की आरती कर उनके चरणों से फूलों की होली प्रारम्भ की गई। स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। क्षेत्र के विख्यात भजन गायक राजेश गुप्ता के गीतों पर ग्रामीण जमकर झूमे। इस दौरान महाप्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में पारंपरिक तरीके से लोगों को टाटपट्टी पर बैठाकर भोजन कराया गया। मंदिर के दिलबोध मानकुंवर श्याम ने बताया कि हर साल मन्दिर में रंग-बिरंगे फूलों की होली खेली जाती है। मंदिर प्रांगण में शादी-विवाह का कार्यक्रम भी होता है। मंदिर से दूर दराज के श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी इंद्रेश दुबे, मंदिर समिति के अध्यक्ष योगी संजय नाथ जायसवाल, सुनील श्याम, नवीन जायसवाल, राजेश गुप्ता, सुमन्त प्रजापति, गुलाब मोह तिवारी, हरी गुप्ता, तुपेश्वर राजवाड़े, समलेश गुप्ता, विकास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### दुष्कर्म मामले में समझौता कराने दी धमकी, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** कापू के बेंदोपानी निवासी पंचराम के पुत्र पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है। इस मामले में राता निवासी सरपंच रूपन साय एक्का, बरमतीरी एक्का, आरोपी की पत्नी, रायगढ़ कापू निवासी देवधर खलखो द्वारा पीड़िता की मां के घर जाकर प्रकरण में समझौता कराने का दबाव बनाया जा रहा है इसके साथ ही महिला व उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ....../अ-2/2023-24

**-ईश्तहार-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत सिरसी को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीना जायसवाल पति श्री दिनेश प्रसाद निवासी सिरसी के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 2839/1, 2840/1 रकबा 0.07, 0.07 हे. जो ग्राम सिरसी प.ह.नं.-14 रा.नि.मं.-भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के वाणिज्यिक भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत सिरसी के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 12/04/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

शानदार 26 साल
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.-9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
सभी रोगों के विशेषज्ञ प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ रितेश गुप्ता
MBBS, MD (Medicine), CCE BDM (Diabetes)
PG Diploma in Advance Diabetes Care (London)
F Clinical ASSO Non Invasive Cardiology
(Lilavati Hospital, Mumbai)
PG Diploma Clinical Nephrology
ह्रदय, मधुमेह, किडनी, थायराइड रोग विशेषज्ञ सभी रोगों के विशेषज्ञ
24x7 इमरजेंसी सेवी भर्ती एवं आईसीयू ऑपरेशन
पंजीयन के लिए संपर्क करें
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल 9424250281, 8120906000, 8120809000

# विधायक ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली



**सीतापुर।** रंगों का महापर्व होली के उपलक्ष्य में विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विधायक कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिलाध्यक्ष भाजपा ललन प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा अनिल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल समेत काफी संख्या में भाजपाई एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो एवं प्रबोध मिंज के साथ लोगो ने जमकर होली खेली एवं गले मिल एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक टोप्पो ने होली एवं छतीसगढ़ी गीत गाकर लोगो को खूब नचाया। देर शाम तक चले होली मिलन समारोह में महिलाओं समेत काफी संख्या में युवा एवं बड़े बुजुर्ग शामिल हुए और जमकर होली खेली। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, राजकुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता, रोशन गुप्ता, नीरू मिस्त्री, रूपेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, निर्मल गुप्ता, विक्की गुप्ता, दिव्यप्रकाश मिस्त्री, रवि भोय, उपेंद्र गुप्ता, राजेश अग्रवाल, भवानी सिंह, वशिष्ठ दास, रजनीश पांडेय, श्रीराम यादव, जमुना यादव, दिनेश तिवारी, पप्पू समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मातृशक्ति टीम ने भी आयोजित किया होली मिलन समारोहः-जयस्तंभ चौक स्थित सार्वजनिक शिवमंदिर में मातृशक्ति टीम द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नगर की महिलाएं काफी संख्या में शामिल हुई और अबीर गुलाल लगा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।इस दौरान होली के गीतों पर नाचते गाते मातृशक्ति की टीम ने जमकर होली खेली।

# कक्षा आठवीं के बच्चों को समारोह में दी गई विदाई



**बलरामपुर।** माध्यमिक शाला दलधोवा में कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज रखा गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ ही शिक्षक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप सरपंच अर्जुन यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव शामिल हुए। विदाई समारोह के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया व कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं को फाइल एवं पेन देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन कुमारी दिव्या सिदार एवं कुमारी अनिरजा ने किया जबकि आभार प्रदर्शन अरविन्द खाखा ने किया। विदाई समारोह कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य श्याम लाल गुप्ता,व्याख्याता हरि प्रसाद यादव, प्रधान पाठक रमेश कुमार तिवारी, उमेश गुप्ता, पवन कुमार पाटले एवं संकुल के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनैरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
ह्रदय रोग विशेषज्ञ
डॉ गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्धः
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

## खबर संक्षेप



### जन शिक्षकों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

**ओड़गी/भैयाथान।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, जिपं सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बीईओ कार्यालय ओड़गी में परीक्षा हेतु पेपर-कॉपी लेने आए जन शिक्षकों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का शपथ लिया। जन शिक्षकों ने अपने संकुल क्षेत्र के ग्रामों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने एवं शत-प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया। इस दौरान एबीईओ श्रीराम प्रधान, बीपीओ मोहम्मद महमूद एवं जन शिक्षक उपस्थित थे।

### शत-प्रतिशत मतदान करने ग्रामीणों को किया गया प्रेरित



**ओड़गी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला स्वीप नोडल अधिकारी नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत ग्राम ओड़गी के पण्डो बाहुल्य क्षेत्र पण्डोपारा में लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। एक-एक वोट के महत्व को समझाते हुए लोकतंत्र की मजबूती में ग्रामीणों के वोट का महत्व को बताया गया तथा शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलायी गयी। इस दौरान जन शिक्षक संजय देव पाण्डेय, पण्डोपारा के शिक्षक एवं बीपीओ मोहम्मद महमूद उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला कमलपुर में मनाया गया न्यौता भोज



**सूरजपुर।** प्राथमिक शाला कमलपुर में प्रधानपाठक शशि जायसवाल के सौजन्य से न्यौता भोज आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने गुपचुप, चाट, दोसा, मूंग दाल के हलवे सहित अन्य व्यंजनों का आनंद लिया। न्यौता भोज में बच्चों के लिए बुफे, प्लेटफार्म पर लजीज व्यंजन सजाए गए थे। किसी ने गुपचुप तो किसी ने चाट से अपने भोजन की शुरूआत की। स्वादिष्ट भोजन पाकर स्कूल के बच्चे प्रसन्न थे तथा अपनी रूचि के अनुसार व्यंजनों का स्वाद ले रहे थे।

### बैठक में जैविक खेती एवं पौधरोपण पर हुई चर्चा



**सोनगरा।** ग्राम पंचायत शिवपुर में जैविक खेती को लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई। इस दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने और संगता पुरखौती में शेयर एवं पौधरोपण के संबंध में चर्चा की गयी। बीमारी की रोकथाम के लिए नीम का तेल बनाकर छिड़काव करने की समझाइश दी गई। गर्मी के धान पूर्णिमा में ब्रमशास्त्र का छिड़काव किया गया और खेतशाला प्रयोग किया गया। नए किसानों को जैविक दवा छिड़काव करने की मात्रा की जानकारी देने के साथ ही जीवा अमृत खाद का प्रयोग किया गया।

## निधन

### बाला देवी गर्ग



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की पूर्व सरपंच मुख्य मार्ग शिवनन्दनपुर - बिश्रामपुर निवासी श्रीमती बाला देवी का गुरूवार को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुरवाँ स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रही थीं। स्वर्गीय बाला देवी कॉलरी कर्मी सुनील गर्ग, अनिल गर्ग व नोटरी/अधिवक्ता प्रदीप गर्ग की माता थीं।

## पहली बार आया हाथियों से खतरा होने का ध्यान

# एसजीजीयू का भकुरा परिसर हाथियों का रहवास क्षेत्र, सुरक्षा के लिए चारों तरफ बनेगा ईपीटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि को ग्राम पंचायत भकुरा में आवंटित भूमि हाथियों का पारंपरिक रहवास क्षेत्र है। अपने आवागमन के दौरान हाथियों का दल यहा एक-एक सप्ताह तक रूकता है। प्रशासनिक भवन को नए परिसर में शिफ्ट करने की तैयारियों के बीच पहली बार विवि प्रबंधन का ध्यान इस बड़े खतरे की ओर गया है। प्रबंधन ने हाथियों की सुरक्षा के लिए चारों तरफ हाथी सुरक्षा खंती टूपीटी तैयार करने का निर्णय लिया है। प्रशासन द्वारा संत गहिरा गुरू विवि को आठ वर्ष पूर्व शहर से 15 किमी दूर ग्राम पंचायत भकुरा में लगभग 221 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। तत्कालीन कुलपति डॉ.रोहिनी प्रसाद के कार्यकाल में परिसर तक संपर्क मार्ग का निर्माण करने के साथ ही बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराय गया था। भूमि को विकसित करने की योजना बन ही रही थी कि कुलपति पद को लेकर विवाद खड़ा हो गया तथा परिसर को विकसित करने योजना ठप हो गई। कालांतर में शासन द्वारा भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने के उपरांत विभिन्न कार्यालयों छात्रावास एवं आवासीय भवनों का निर्माण भी प्रारम्भ कर दिया गया। इस दौरान किसी के भी संज्ञान में यह बात नहीं आई कि विवि का घाटी-पहाड़ी युक्त भकुरा परिसर हाथियों के पारम्परिक मार्ग में शामिल है तथा भ्रमण के दौरान परिसर की प्राकृतिक वादियों में हाथियों का दल एक सप्ताह तक विश्राम करता है। ऐसे में हाथियों से सुरक्षा का उपाय किए बिना परिसर को आबाद किया गया भ्रमण के दौरान हाथी परिसर में घुसकर तबाही मचा सकते हैं। इस स्थिति में प्रशासनिक भवन एवं फार्मेसी विभाग को शिफ्ट करने के पूर्व हाथियों से सुरक्षा का उपाय करना विवि के लिए आवश्यक है। इस बड़े खतरे से सुरक्षा के लिए विवि प्रबंधन ने चारों तरफ ईपीटी खुदवाने की योजना बनाई है। सुरक्षा के अन्य विकल्पों में अत्याधिक खर्च आने एवं लम्बा समय लगने के कारण विवि प्रबंधन ने बेहद कम समय एवं न्यूनतम खर्च में बनने वाले ईपीटी तैयार करने की योजना बनाई है। अधिकारियों का कहना है कि प्रशासनिक कार्यालय शिफ्ट करने के पहले ही ईपीटी तैयार कर लिया जाएगा।

**खास बात**

- हाथियों से सुरक्षा का उपाय किए बिना लम्बे समय से चल रही थी शिफ्टिंग की तैयारियां



घाट-पहाड़ के बीच विवि परिसर का मुख्य द्वार।

### चारों तरफ खोदा जाएगा 5 फीट गड्ढा

विवि प्रबंधन ने परिसर के चारों तरफ 4.5 किमी परिधि में 5 फीट गहरा एवं 6 फीट चौड़ा गड्ढा तैयार करने की योजना बनाई है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ईपीटी का प्रयोग वन विभाग कर चुका है। हाथी इस गहरे गड्ढे को पार नहीं कर पाते। प्रबंधन वर्षाकाल में रासेयों के माध्यम से अभियान चलाकर चारों तरफ बांस का घना प्लांटेशन करने का भी निर्णय लिया है जो विकसित होने के बाद बाउण्ड्री का विकल्प बन जाएगा। ईपीटी तैयार होने के बाद परिसर में हाथियों के पहुंचने एवं तबाही मचाने का संभावना खत्म हो जाएगी तथा परिसर सुरक्षित हो जाएगा।

### स्वयं की जेसीबी आएगी काम

ईपीटी तैयार करने के लिए विवि ने स्वयं की जेसीबी का उपयोग करने का निर्णय लिया है। विवि प्रबंधन ने घाट-पहाड़ वाले परिसर को कम खर्च में समतल करने के उद्देश्य से वर्षों पूर्व जेसीबी खरीदा था जो अनुपयोगी पड़ा है। प्रबंधन ने स्वंय की जेसीबी से ईपीटी का खनन कराने का निर्णय लिया है। स्वयं का आपरेटर एवं जेसीबी से खनन कराने पर विवि को सिर्फ इंधन एवं रखरखाव का खर्च वहन करना पड़ेगा।

### सुरक्षा आवश्यक

हाथियों का रहवास क्षेत्र होने के कारण परिसर की सुरक्षा आवश्यक है। कुलपति की सहमति उपरांत परिसर के चारों तरफ ईपीटी तैयार करने का निर्णय लिया गया है। कार्यालय शिफ्ट करने के पूर्व स्वयं की जेसीबी से ईपीटी तैयार कर लिया जाएगा।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



# उप तहसील कार्यालय से अधिकारी-कर्मचारी नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्रवासियों की सहूलियत के लिए खोला गया उप तहसील कार्यालय अव्यवस्था की शिकार हो गया है। कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी अक्सर नदारद रहते है और मनमानी के कारण काम काज ठप हो जाता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोग निराश होकर वापस लौट रहे है। दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों में कर्मचारियों की मनमानी को लेकर आक्रोश है। बता दें कि विकासखंड मैनपाट के तराई में बसे ग्राम पंचायत राजापुर में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उप तहसील कार्यालय खोला गया है। तराई क्षेत्र के लोगो को राजस्व संबंधित कामो के लिए मैनपाट का चक्कर काटना पड़ता था ऐसे में उप तहसील कार्यालय की स्थापना राजापुर में की गई। सप्ताह में एक दिन यहां लिंक कोर्ट भी लगाया जाता है लेकिन शासन प्रशासन की इस मंशा पर पदस्थ कर्मचारी पानी फेरने लगे है। कर्मचारी मनमाना ढंग से कार्यालय आते है और उनकी इस लापरवाही से कामकाज ठप हो जाता है और ग्रामीण भटकते रहते है। गुरुवार को भी कार्यालय में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। ग्राम कतकलो निवासी नेल्सन एक्का अपने काम के सिलसिले में अपने साथी जयमन के साथ उप तहसील कार्यालय राजापुर पहुंचे थे। इस दौरान कार्यालय खुला हुआ था पर एक भी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे व पूरे कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। बाजू में स्थित पटवारी कक्ष में दो चौकीदार आराम फरमा रहे थे। जिन्हें उठाकर जब उनसे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि सुबह से कोई कर्मचारी कार्यालय नही आया है। दोनों युवक काफी देर तक कार्यालय में कर्मचारियों के आने का इंतजार करते रहे लेकिन घंटों बाद भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो ग्रामीण वापस लौट गए। नेल्सन एक्का ने बताया कि मैं नकल लेने कार्यालय आया था लेकिन कोई कर्मचारी कार्यालय में नहीं था। जयमन ने बताया कि कर्मचारी अपनी मनमानी करते है जिसका नुकसान आम आदमी को झेलना पड़ता है। इस सम्बंध में तहसीलदार मैनपाट संजय सारथी ने बताया कि लंच टाइम की वजह से कर्मचारी लंच करने गए थे। लंच टाइम के बाद कर्मचारी कार्यालय आ गए थे।

- दूर दराज से आए ग्रामीणों को लौटना पड़ा वापस

# नीट परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में नीट की तैयारी की निःशुल्क आवासीय कोचिंग की शुरुआत गुरुवार को हुई। जिले में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले और नीट परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए निःशुल्क विशेष कोचिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। कोचिंग की शुरुआत के दिन कलेक्टर श्री भोस्कर ने स्वयं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन पहुंचकर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यहां पहुंचकर सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी से पंजीकृत विद्यार्थियों, सभी विकासखण्डों से आए विद्यार्थियों की संख्या के सम्बंध में जानकारी ली। अब तक 132 विद्यार्थियों ने कोचिंग हेतु पंजीयन कराया है। इस दौरान कलेक्टर श्री भोस्कर संचालित दोनों कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से मिले तथा नीट परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पूर्व के वर्ष में परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों से अनुभव के विषय में पूछा तथा समस्त विद्यार्थियों को अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलेक्टर उन्होंने छात्रों को हॉस्टल से पुलिस लाईन स्कूल तक आवागमन के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने तथा पुस्तकें व पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से विषयों की बारीकियों, कट ऑफ मार्क्स , माईनस मार्किंग, कुल प्रश्नों की संख्या, विषयवार प्रश्नों की संख्या जैसे विषयों पर सविस्तार चर्चा की।

- आवागमन हेतु बस सुविधा एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश



युवाओं को संबोधित करते कलेक्टर।

# कट्टा लहराकर उत्पात मचा रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



देशी कट्टा लहराते हुए शहर में उत्पात मचा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक नग देशी कट्टा व 3 नग ज़िंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च की रात एएसआई विनय सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों की ड्यूटी दोपहर 2 से रात 10 बजे तक कालीघाट में लगे चेकिंग प्वाइंट पर लगाई गई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि गांधी चौक ऑटो स्टैंड के पास संजीत पाल नामक व्यक्ति कट्टा लहराकर लोगों को डरा रहा है और अपनी स्कूटी से मनेन्द्रगढ़ रोड की ओर कट्टा लहराते हुए जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 5468 को रोककर युवक की तलाशी ली तो उसके पास पैंट के अंदर खोंसकर रखा हुआ देशी कट्टा व पैंट की जेब से जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में गोधनपुर वसुंधरा विहार सकालो निवासी 38 वर्षीय संजीत पाल आ. बैजनाथ पाल को अवैध देशी कट्टा, तीन नग कारतूस के साथ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी संजीत पाल के खिलाफ वर्ष 2019 में भी आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज है। इसके साथ ही उसपर मारपीट व अन्य धाराओं के तहत भी कार्रवाई पूर्व में की जा चुकी है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से आरक्षक हरिनाम सिंह, रामचन्द्र सिंह, रूपेश प्रजापति आदि सक्रिय रहे।

# उल्टी दस्त के कुल 290 मरीज आए सामने

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में होली मिलन समारोह के बाद फूड प्वाइजनिंग व उल्टी दस्त के मामले को कलेक्टर आर एक्का ने गंभीरता से लिया है। विकासखंड में कुल 290 मरीजों का चिन्हांकन किया गया है जिन्हे उल्टी दस्त की शिकायत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनका उपचार किया गया है। अधिकारी मौसमी बीमारी के कारण उल्टी दस्त होने की बात कह रहे है। विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सनावल, डिण्डो अंतर्गत क्षेत्रों में उल्टी-दस्त होने की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच एवं उपचार हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में गठित चिकित्सीय दल द्वारा कामेश्वरनगर में 100, पचावल में 39 तथा सनावल में 47 सहित कुल 260 उल्टी-दस्त के सामान्य लक्षण मरीजों में पाया गया। जिनका उपचार किया गया। उल्टी-दस्त अधिकता की संख्या के प्रभावित गांव के पेयजल व अन्य खाद्य पदार्थ को जांच हेतु भेजा गया है। चिकित्सीय दल के द्वारा प्रभावित ग्राम में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जांच एवं उपचार तथा सतत रूप से निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्र के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रशासन के अनुसार क्षेत्र में स्थिति सामान्य है। बता दें कि सनावल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था और होली मिलन समारोह के बाद ही लोगों की तबियत बिगड़नी शुरू हो गई थी।

- कलेक्टर ने लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# मंत्री राजवाड़े ने गांवों का किया भ्रमण, लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रगदा, चोपन, मसिरा, सुंदरपुर, सिरसी सहित अन्य गांवों में पहुंचकर ग्रामीण व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया तथा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के पक्ष में मतदान करने को कहा इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास कार्य कर रही है छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद लगातार घोषणाओं पर अमल किया जा रहा है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गांरटी पर मोहर लगा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी ने अद्भुत मिसाल पेश की है। भाजपा के विकास और गरीब कल्याण नीतियों को आपने जिस तरह लोगों के बीच पहुंचाया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। मंत्री बनने के बाद श्रीमती राजवाड़े आम जनता व कार्यकर्ताओं से सहज भाव से मिल रही हैं और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद ले रही है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू, जिला मंत्री प्रकाश दुबे, मंडल महामंत्री सुनील साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान राजीव प्रताप सिंह, लालचंद शर्मा, हेम सिंह, राकेश सुनील साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान राजीव प्रताप सिंह, लालचंद शर्मा, हेम सिंह, राकेश पाठक, अमन प्रताप सिंह, संदीप दुबे, अखण्ड सिंह, चिंतावन राजवाड़े, ओपी राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।






### पूर्व माध्यामिक शाला पथरई में हुआ न्योता भोज

**सेदम।** शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला पथरई में बुधवार को इंदिरा स्वयं सहायता समूह एवं शिक्षकों के सहयोग से न्योता भोज एवं कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। भोज के पूर्व कक्षा आठवीं के छात्र-छात्रों को कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों ने विदाई दी। इस अवसर पर प्रधानपाठक मोहन खलखो एवं दयाराम पटेल ने कहा की विदाई आपके उज्जवल भविष्य का रास्ता खोल रही हैं। भटकाव और खराब बातें हमें ज्यादा आकर्षित करती है और अच्छी बातें उबाऊ लगती है। यही समय होता है कि हम अच्छे बुरे में अंतर करें एवं सच्चे मार्ग पर चलकर नेक व्यक्ति और देश का जिम्मेदार नागरिक बने साथ ही अपने लक्ष्य को हासिल करें। विदाई उपरांत छात्र-छात्राओं ने न्योता भोज का आनंद लिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, केहटाराम, अमृतलाल पैंकरा, दयाराम पटेल, श्रीमती राधा पैंकरा, श्रीमती नूतन मिंज, देवराज सिंह मौजूद थे।









